# हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह सम्पन्न

महेन्द्रगढ़, 19 सितम्बर (परमजीत/मोहन): हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा-2015 का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिन्दी के विख्यात कवि गजेंद्र सोलंकी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ ने की। ज्ञात है कि हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय में हिन्दी पखवाड़े का उद्घाटन 31 अगस्त को किया गया था, इसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिनमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के आरंभ में कुलपति द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं शॉल ओढ़ाकर किया। अपने स्वागत भाषण में हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डा. सिद्धार्थ शंकर राय ने हिन्दी की स्थिति पर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि गजेंद्र सोलंकी ने 10वें विश्व हिन्दी सम्मेलन का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि हिन्दी देश में ही नहीं अपितु विश्वभर में अपनी जगह मजबूती के साथ बना रही है और इस समय विश्व के 10 से भी अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है। कुलपति महोदय ने मान्यवर सोलंकी जी से आग्रह किया कि वे विश्वविद्यालय के साथ जुड़कर हमें इसी तरह हमें अपना सहयोग प्रदान करते रहें। विश्वविद्यालय के हिन्दी अधिकारी डा. जगदीश प्रसाद ने पखवाड़ा आयोजन में सहयोग प्रदान करने के लिए समस्त विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन समारोह के अंत में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रखा गया, जिसमें विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। माननीय केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी के साथ हुई चर्चा में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विश्वविद्यालय के छात्र विकास यादव को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।



*कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते प्रो. आर.सी.कुहाड़।* (मोहन)



महेंद्रगढ़। मुख्यातिथि विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# हिंदी विश्व में स्थान बना रही है : गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज. महेंद्रगढ़

- विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा का समापन

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट-पाली में चल रहे हिंदी पखवाड़े का शुक्रवार को समापन हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कवि गजेंद्र सोलंकी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने की। मुख्य अतिथि गजेंद्र सोलंकी ने 10वें विश्व हिंदी सम्मेलन का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि हिंदी देश में ही नहीं अपितु विश्वभर में अपनी जगह मजबूती के साथ बना रही है और इस समय विश्व के 10 से भी अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। साथ ही उन्होंने अपनी कविताओं से विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुलपति ने सोलंकी से आग्रह किया कि वे विश्वविद्यालय के साथ जुड़कर हमें इसी तरह हमें अपना सहयोग प्रदान करते रहें। विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद ने पखवाड़ा आयोजन में सहयोग प्रदान करने के लिए समस्त विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने इस आयोजन की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# केंद्रीय विवि में हिंदी पखवाड़ा समारोह का हुआ समापन

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें हिंदी के विख्यात कवि गजेंद्र सोलंकी मुख्य अतिथि थे जबकि इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने की। बता दें कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन 31 अगस्त को किया गया था। इस पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिनमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के आरंभ में कुलपति द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं शाल ओढ़ाकर किया गया। अपने स्वागत भाषण में हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डा. सिद्धार्थ शंकर राय ने हिंदी की स्थिति पर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि गजेंद्र सोलंकी ने दसवें विश्व हिंदी सम्मेलन का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि हिंदी देश में ही नहीं अपितु विश्वभर में अपनी जगह मजबूती के साथ बना रही है। इस समय विश्व के दस से भी अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। साथ ही उन्होंने अपनी सुरीली एवं ओजपूर्ण कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुलपति ने सोलंकी से विश्वविद्यालय के साथ जुड़कर इसी तरह सहयोग प्रदान देने की अपील की। विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी डा. जगदीश प्रसाद ने पखवाड़ा आयोजन में सहयोग प्रदान करने के लिए समस्त विश्वविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने इस आयोजन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। समापन समारोह के अंत में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रखा गया, जिसमें विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति इरानी के साथ हुई चर्चा में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विश्वविद्यालय के छात्र विकास यादव को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

# विश्व में भी हिंदी तेजी से बना रही मजबूत पकड़ : सोलंकी



नारनौल. केंद्रीय विश्वविधालय में हिंदी पखवाड़ा के समापंन अवसर पर विधार्थियों को संबोधित करते कुलपति।

भास्कर न्यूज | नारनौल

केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा में चल रहा हिंदी पखवाड़ा-2015 का शुक्रवार को विधिवत समापन हो गया। समापन समारोह में हिंदी के विख्यात कवि गजेंद्र सोलंकी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस मौके पर मुख्य अतिथि गजेंद्र सोलंकी ने कहा कि हिंदी देश ही नहीं, बल्कि विश्व में भी तेजी से अपनी मजबूत पकड़ बना रही है। उन्होंने कहा कि विश्व के 10 से भी अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी को पढ़ाया जाना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस मौके पर हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय व हिंदी अधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद ने हिंदी की स्थिति पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने की। कार्यक्रम के अंत में हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति इरानी के साथ हुई चर्चा में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विश्वविद्यालय के छात्र विकास यादव को भी सम्मानित किया गया।